web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 15 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 48

## महत्वपूर्ण एवं खास

### केंद्र ने हाईकोर्ट के 5 न्यायाधीशों के तबादले को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों के अनुरूप विभिन्न उच्च न्यायालयों में पांच न्यायाधीशों के स्थानांतरण के संबंध में अधिसूचना जारी की है। राष्ट्रपति ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर बी.सराफ और विवेक चौधरी को क्रमश: इलाहाबाद और पटना उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एक अन्य अधिसूचना में कहा गया कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एम.सुधीर कुमार और सी. सुमलता को क्रमश: मद्रास और कर्नाटक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। राष्ट्रपति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह को मद्रास उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया।

### पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर खुद को आग लगाने वाले कर्नाटक के युवक ने तोड़ा दम

**मैसूरु (आरएनएस)।** पुलिस पर उत्पीडऩ का आरोप लगाकर खुद को आग लगाने वाले युवक ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। नंजनगुड तालुक के नागरले गांव के निवासी23 वर्षीय किरण कुमार ने पुलिस उत्पीडऩ के कारण अपने आवास पर यह चरम कदम उठाया था। एक वीडियो में उसने दावा किया कि हिरासत में पुलिस की प्रताडऩा के कारण वह अपनी जिंदगी खत्म कर रहे हैं। उसे के.आर.अस्पताल ले जाया गया, जहां जलने की चोटों का इलाज चल रहा था। बिलिगेर पुलिस ने नागरले गांव में हुई हिंसा की एक घटना के सिलसिले में पीड़ित को हिरासत में लिया था और उसे प्रताड़ित किया था। हिरासत से भागने के बाद घर लौटे युवक ने अपने शरीर पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा ली।

### पार्क करते समय दादा ने 2 वर्षीय मासूम पोते पर चढ़ा दी कार, अस्पताल में मौत

**कासरगोड (आरएनएस)।** केरल के कासरगोड जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपने पोते पर उस समय कार चढ़ा दी जब वह उसे पार्क कर रहे थे। इस घटना में मासूम ने दम तोड़ दिया। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। वीडियो में दादा अपने घर के सामने कार पार्क करने की कोशिश कर रहे थे, उसी समय उनका पोता वहां खेल रहा था। दुर्भाग्य यह हुआ की खेलते हुए 2 वर्षीय पोते को दादा नहीं देख पाए और बच्चे पर कार चढ़ा दी। उन्हें इस बात का आभास भी नहीं होता है कि छोटा बच्चा कार के पहिए के नीचे आ गया है। घटना 10 नवंबर की है। डेढ़ साल के बच्चे की पहचान मस्तुल जिशान के रूप में हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसके बाद दादा तुरंत कार से बाहर निकले और घायल बच्चे को अपनी बाहों में भर लिया, जबकि एक अन्य व्यक्ति मदद के लिए आगे आया। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। वीडियो लगभग 24 सेकेंड का है। घटना के बाद तुरंत बच्चे को मेंगलुरु के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा पाए।

## यमुनोत्री टनल हादसे में फंसे 40 मजदूरों का युद्ध स्तर पर रेस्क्यू जारी, एसडीआरएफ कमान्डेंट ने वॉकी-टॉकी से की बात



**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तरकाशी में सुरंग हादसे में तीसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उत्तरकाशी के यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा टनल हादसे पर पूरे देश की नजर बनी हुई है। टनल में 40 मजदूर फंसे हुए हैं, जिन्हें सकुशल बाहर निकालने के लिए जद्दोजहद लगातार जारी है। तमाम रेस्क्यू टीमें युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं। टनल से मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए मौके पर 900 मिमी व्यास वाले ह्यूम पाइप और ड्रिल मशीन पहुंच गई हैं। मजदूरों के लिए ऑक्सीजन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भी ह्यूम पाइप का इस्तेमाल किया जा रहा था। लेकिन जिस दिन यह हादसा हुआ, उस दिन टनल के संवेदनशील हिस्से में ह्यूम पाइप नहीं बिछाए गए थे। अगर टनल के अंदर ह्यूम पाइप बिछे होते, तो अब तक पाइपों के जरिए मजदूर बाहर आ चुके होते। जब मजदूरों को टनल से बाहर निकाला जायेगा, उस समय कोई अनहोनी न हो, इसे देखते हुए सिलक्यारा टनल में भूस्खलन की घटना के बाद यहां स्वास्थ्य विभाग ने छह बेड का अस्थायी अस्पताल तैयार किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसीएस पंवार ने बताया कि अस्पताल घटनास्थल के समीप ही स्थापित किया गया है, जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर भी लगाए गए हैं। इस अस्पताल में 24 घंटे मेडिकल टीम के साथ 10 एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं।

एनएचआईडीसीएल के महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल बीते 6 नवंबर को खत्म हो गया। वह रिलीव होकर सेना में वापस लौट गए हैं। उन्होंने सुरंग में हादसे की सूचना पर दुख जताया है। उन्होंने बताया कि जहां मलबा गिरा है वह सुरंग का संवेदनशील हिस्सा था। हालांकि उन्होंने सभी मजदूरों के सकुशल होने की बात कही है। उन्होंने रेस्क्यू कार्य में डेढ़ से दो दिन लगने के बाद सभी के सकुशल बाहर आने की उम्मीद जताई है। सुरंग धंसने के कारण टनल में फंसे श्रमिकों से एसडीआरएफ कमान्डेंट मणिकांत मिश्रा ने वॉकी-टॉकी से बात कर उनकी कुशलता ली है। श्रमिकों ने बताया कि, वे सब ठीक हैं और शीघ्र ही निकलना चाहते हैं।

मणिकांत मिश्रा ने उनका हौसला बढाते हुए धैर्य और हिम्मत बनाये रखने को कहा है। साथ ही उन्हें जल्द ही सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने का भरोसा दिलाया है। इसके अलावा कम्प्रेसर के माध्यम से आज उन्हें आवश्यक खाद्य सामग्री (चना, बादाम, बिस्कुट,ओ.आर.एस, ग्लूकोस इत्यादि) व कुछ दवाइयां (सरदर्द, बुखार) भी पहुंचाई गई। कमान्डेंट एसडीआरएफ खुद मौके पर राहत एवं बचाव कार्यो का नेतृव कर रहे हैं।

जिला प्रशासन की ओर से टनल में फंसे 40 मजदूरों का ब्योरा दिया गया है। यह सभी मजदूर देश के अलग-अलग राज्यों के हैं। इनमें सबसे ज्यादा मजदूर झारखंड के बताए जा रहे हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश के मजदूरों की संख्या है और तीसरे नंबर पर ओडिशा के मजदूर हैं। सबसे ज्यादा झारखंड के मजदूर प्रशासन से जारी सूची के मुताबिक टनल में फंसे चालीस मजदूरों में से झारखंड के 15 मजदूर हैं, जबकि बिहार के 3 मजदूर बताए जा रहे हैं। इनके अलावा बंगाल के 4, उत्तराखंड के 2, हिमाचल का 1, उत्तर प्रदेश के 8, असम के 2, उड़ीसा के 5 मजदूर शामिल हैं।

आपको बता दें कि रविवार सुबह दीवाली पर करीब 5:30 बजे ये हादसा हुआ। यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने से 230 मीटर अंदर मलबा गिरा। देखते-देखते 30 से 35 मीटर हिस्से में पहले हल्का मलबा गिरा, फिर अचानक भारी मलबा व पत्थर गिरने लगा। जिसके चलते सुरंग के अंदर काम कर रहे 40 मजदूर अंदर ही फंस गए।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में घुसी, हरिद्वार जा रहे छह दोस्तों की मौत



**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर छप्पर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। कार सवार मृतक दोस्त थे और दिल्ली से हरिद्वार की तरफ जा रहे थे। यह हादसा मंगलवार तडक़े करीब चार बजे थाना छपार क्षेत्र में शाहपुर कट के पास हुआ है।

क्षेत्राधिकारी सदर और थाना प्रभारी छपार मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवा दिया है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि सियाज कार अनियंत्रित होकर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की तरफ जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी।

इस हादसे में कार सवार सभी छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान शिवम पुत्र योगेन्द्र त्यागी, पार्श पुत्र दीपक शर्मा, कुनाल पुत्र नवीन शर्मा, धीरज, विशाल व एक अन्य दोस्त समस्त निवासीगण शहादरा, दिल्ली के रूप में हुई है।

## जनरल स्टोर में आग लगने से एक बच्ची समेत परिवार के तीन सदस्यों की मौत, 6 लोग झुलसे



**धनबाद (आरएनएस)।** धनबाद शहर के केंदुआ बाजार स्थित एक जनरल स्टोर में बीती देर रात लगी आग से कारोबारी के परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। परिवार और पड़ोस से छह अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए धनबाद स्थित मेडिकल कॉलेज एसएनएमसीएच में दाखिल कराया गया है। जिस दुकान में आग लगी, उसी के ऊपरी तल्ले पर व्यवसायी का पूरा परिवार रहता है। बताया गया कि रात में स्टोर बंद करने के बाद साढ़े नौ से दस बजे दुकान में आग लगी और देखते-देखते लपटों और धुएं के गुबार ने पूरे मकान को अपने कब्जे में ले लिया। व्यवसायी का पूरा परिवार ऊपर मंजिल पर फंस गया।

धुएं से दम घुटने से स्टोर के मालिक सुभाष गुप्ता की मां 70 वर्षीया उमा देवी, 32 वर्षीया बहन प्रिया गुप्ता और पुत्री छह वर्षीय सौम्या ने दम तोड़ दिया। दुकान तंग गली में है, इसलिए आग पर काबू पाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। आस-पास के लोगों ने पानी फेंककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी पहुंची, लेकिन वह गली में नहीं घुस पाई। बाद में दमकल की छोटी गाड़ी मंगाई गई, तब जाकर आग बुझाई जा सकी।

स्टोर मालिक सुभाष गुप्ता, उनके पिता अशोक गुप्ता, पत्नी सुमन गुप्ता, पुत्र शिवांश के अलावा आग बुझाने के दौरान जख्मी हुए पड़ोसी वीरेंद्र चौरसिया और तुषार वर्णवाल को इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत


**कुशीनगर (आरएनएस)।** पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे हैं दीपोत्सव की खुशियां दो परिवारों के लिए उसे समय मातम में बदल गया। जब सडक़ हादसे में दो युवकों की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। इस दौरान घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। सोमवार देर रात हुए सडक़ हादसे मे नगर पंचायत तमकुहीराज निवासी दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो घायलों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड न. दो (हरिहरपुर ) निवासी रवि पटेल पुत्र संतोष पटेल (22) बाइक से अपने अपनी मां बिन्दा देवी पत्नी संतोष पटेल (45) और दोस्त सोनू पटेल पुत्र खटाई पटेल (23) के साथ बाइक से सेवरही जा रहे थे। इसी दौरान सेवरही की ओर से आ रहे बाइक सवार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड न.13 भटवलिया न. एक निवासी बाबूनंद उफर् गुड्डन पुत्र रामबली (19) अपने ही वार्ड के राहुल कुमार (10) के साथ सेवरही की ओर से वापस घर जा रहे थे। इस दौरान ओवरटेक करने के प्रयास मे इमिलिया के समीप बाबूनंद उफर् गुड्डन चौहान की बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे रवि पटेल की बाइक से आमने -सामने की टक्कर हो गई। जिसके चलते देर रात हुए सडक़ हादसे मे चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जबकि बाबूनंद की बाइक पर सवार राहुल (10) सडक़ से अलग जा गिरा और सुरक्षित बच गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों कों सीएचसी तमकुहीराज भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत बाबूनंद उफर् गुड्डन चौहान कों मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन घायलों कों जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल लें जाते समय रवि पटेल (22) की भी मौत हो गई। वही गंभीर रुप से सोनू पटेल और बिन्दा देवी का इलाज जारी है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो की मौत एक गंभीर

**सुमेरपुर-हमीरपुर(आरएनएस)।** दो अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक जीवन मृत्यु के मध्य कानपुर में संघर्ष कर रहा है। रविवार को देर रात सदर कोतवाली के चंदुलीतीर निवासी राधेलाल उर्फ राजन 25 वर्ष कस्बे से बाइक से लौटकर वापस घर जा रहा था। नेशनल हाईवे 34 में नरायनपुर गांव के समीप तेज रफ्तार लोडर ने इसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके से भाग रहे लोडर चालक को पुलिस ने लोडर सहित दबोचकर फैक्ट्री एरिया पुलिस चैकी में खड़ा कराया है। दूसरी घटना सोमवार को देर शाम पत्योरा मार्ग में देवगांव के समीप हुई। पत्योरा निवासी सेबद अली 36 वर्ष अपने साथी मुहम्मद अली के साथ बाइक से वापस कस्बे से लौटकर गांव जा रहे थे। देवगांव के समीप इसकी बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे गहरे खड्ड में जा गिरी। इस घटना में सबद अली की मौके पर ही मौत हो गई और मोहम्मद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। इसको नाजुक हालत में सदर अस्पताल से हैलट रेफर किया गया है। जहां वह जीवन मृत्यु के साथ संघर्ष कर रहा है। अचानक हुई इस घटना से सबद अली के परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी चंदा, पुत्री शबाना 9 वर्ष, जोया 7 वर्ष, शहवाज 5 वर्ष, शाहिद 3 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## बिहार : चेकिंग के दौरान बालू लदे ट्रैक्टर ने दारोगा को कुचला, मौत



**जमुई (आरएनएस)।** बिहार में विपक्ष रेत माफियाओं को लेकर आवाज उठाता रहा है। इस बीच माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि लगता है उन्हें अब पुलिस का डर ही नहीं। जमुई जिले में अवैध रेत से लदे एक ट्रैक्टर ने दारोगा को कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, गरही थाना की पुलिस मंगलवार को सुबह गश्त पर थी, इसी दौरान रोपावेल के समीप पुलिस ने बालू से लदे एक ट्रैक्टर को आते देखा।

पुलिस ने ट्रैक्टर को जांच के लिए रुकने का इशारा किया, लेकिन ट्रैक्टर चालक ने वाहन की गति तेज करते हुए पुलिस टीम की ओर बढ़ा दिया। इस घटना में दारोगा प्रभात रंजन को घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पुलिस जवान राजेश कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मृतक 2018 बैच के दारोगा थे। इधर, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक छोडक़र फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है एवं चालक की पहचान कर ली गयी है। चालक की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है जो संभावित सभी इलाकों में छापामारी कर रही है।

## कुत्ते के काटने पर सरकार से मिलेगा 20 हजार का मुआवजा, हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि डॉग बाइट के मामले इतने बढ़ गए हैं कि लोगों को इसके लिए कोर्ट पहुंचना पड़ रहा है। मुआवजे के लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार होगी। कोर्ट ने पीड़ित को 10 हजार रुपये प्रति दांत के निशान से मुआवजा देने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकारों को इसके लिए गाइडलाइन बनाने का भी आदेश दिया।

जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की बेंच ने चंडीगढ़ में कुत्ते काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। एस भारद्वाज की बेंच ने 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। बेंच ने कहा कि अगर कुत्ते के काटने से दांत के निशान बनते हैं तो पीड़ित को प्रति दांत के निशान पर 10 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा अगर कुत्ते के काटने से स्किन में घाव होता है या मांस निकल जाता है तो प्रति 0.2 सेंटी मीटर घाव के लिए मिनिमम 20,000 रुपये मुआवजा दिया जाए।

पंजाब और हरियाणा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को इस तरह के मुआवजे का निर्धारण करने के लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियों का गठन करने का भी आदेश दिया गया है। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की बेंच ने कहा कि मुआवजे की रकम राज्य सरकार उस इंसान या एजेंसी से वसूल सकती है, जिसका कुत्ते से कोई कनेक्शन हो। कोर्ट ने कहा कि कुत्ते काटने की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। कई लोगों की मौत हो गई है। अगर इस पर लगाम नहीं लगाया गया तो मामले और भी बढ़ेंगे। इससिए अब राज्य सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला : केरल की समृद्ध संस्कृति का अंतरराष्ट्रीय मेले में करें अनुभव

- असीमित व्यापार और सांस्कृतिक अवसरों के अनावरण में केरल मंडप चमका
- 14 दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला दिल्ली में हुआ शुरू



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के प्रगति मैदान में केरल राज्य के मुख्य सचिव डॉ. वी. वेणु ने मंगलवार को भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले और केरल मंडप का उद्घाटन किया। यह मेला 13 दिनों के व्यापार और प्रदर्शनी की पेशकश करेगा। इस वर्ष केरल, एक भागीदार राज्य के रूप में भाग लेते हुए विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है। साथ ही सहयोग और उद्यमों को बढ़ावा दे रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में केरल हाउस के अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। इस बार केरल भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 का भागीदार राज्य है। पिछले वर्षों की तरह ही केरल ने इस मेले में मंडप स्थापित किया है। केरल मंडप में नए सहयोग को बढ़ावा देने और नए उद्यमों को आगे लाने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद व्यापार मेले में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर केरल राज्य के मुख्य सचिव डॉ. वी. वेणु ने कहा, भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला नए व्यापारिक उद्यमों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।'' केरल मंडप में सहकारिता विभाग केरल कला कारा कौशल गांव, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, कृषि विकास और किसान कल्याण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, हथकरघा और कपड़ा निदेशालय, केरल राज्य हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (हैनवीव), केरल राज्य सहकारी विपणन संघ(मार्केटफेड), केरल राज्य बांस मिशन, पंचायत विभाग, केरल शिल्प विकास सहकारी लिमिटेड, रस्सी विकास विभाग, कुदुम्बश्री, केरल राज्य हथकरघा बुनकर सोसायटी लिमिटेड (हंटेक्स), संस्कृति विभाग के उत्पाद शामिल हैं। इस मंडप से लोगों को केरल के उत्पादों के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे नए उद्यमों को बढ़ावा देने की राज्य की मांग भी पूरी हो सकेगी। वसुधैव कुडुंबकम - यूनाइटेड बाय ट्रेड थीम के साथ, केरल की अनूठी संस्कृति और इनोवेशन को 27 नवंबर तक इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। मंडप में 624 वर्गफीट में केरल के 44 स्टॉल लगाये गये हैं। इसमें 10 थीम स्टॉल और 34 कमर्शियल स्टॉल शामिल हैं। प्रदर्शनी प्रथम तल पर हॉल नंबर- 5 में लगाई गई है।यह मेला व्यावसायिक दिनों में लगभग 50,000 लोगों और सप्ताहांत पर 1.5 लाख लोगों को आकर्षित करता है, जो केरल को व्यापार, हस्तशिल्प, समुद्री भोजन और कृषि-आधारित उत्पादों में अपने इनोवेशंस और उद्यमों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। केरल मंडप राज्य के व्यापार के इतिहास, मुजिरिस विरासत और विझिंजम बंदरगाह जैसी हालिया उपलब्धियों का वर्णन करेगा।

आईआईटीएफ में केरल का प्रभाव 9 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 2 कांस्य पदक के साथ स्पष्ट है, जिसमें 2022 में स्वर्ण और 2021 में कांस्य पदक शामिल हैं। 20 नवंबर को राज्य दिवस पर आईटीपीओ एम्फीथिएटर में लोक कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके द्वारा मेले में केरल की उपस्थिति का जश्न भी मनाया जाएगा।